2 Peter

1 Greetings from Simon Peter, a servant and apostle of Jesus Christ.

To all of you who share in the same valuable faith that we have. This faith was given to us because our God and Savior Jesus Christ always does what is good and right.

2 Grace and peace be given to you more and more, because now you know God and Jesus our Lord.

God Has Given Us Everything We Need

3 Jesus has the power of God. And his power has given us everything we need to live a life devoted to God. We have these things because we know him. Jesus chose us by his glory and goodness, 4 through which he also gave us the very great and rich gifts that he promised us. With these gifts you can share in being like God. And so you will escape the ruin that comes to people in the world because of the evil things they want.

5 Because you have these blessings, do all you can to add to your life these things: to your faith add goodness; to your goodness add knowledge; 6 to your knowledge add self-control; to your self-control add patience; to your patience add devotion to God; 7 to your devotion add kindness toward your brothers and sisters in Christ, and to this kindness add love. 8 If all these things are in you and growing, you will never fail to be useful to God. You will produce the kind of fruit that should come from your knowledge of our Lord Jesus Christ. 9 But those who don't grow in these blessings are blind. They cannot see clearly what they have. They have forgotten that they were cleansed from their past sins.

10 My brothers and sisters, God called you and chose you to be his. Do your best to live in a way that shows you really are God's called and chosen people. If you do all this, you will never fall. 11 And you will be given a very great

2 पतरस

1 यीशु मसीह के सेवक तथा प्रेरित शमौन पतरस की ओर से:

उन लोगों के नाम जिन्हें परमेश्वर से हमारे जैसा ही विश्वास प्राप्त है। क्योंकि हमारा परमेश्वर और उद्धारकर्ता यीशु मसीह न्यायपूर्ण है।

2 तुम परमेश्वर और हमारे प्रभु यीशु मसीह को जान चुके हो इसलिए तुम्हें परमेश्वर की कृपा और अनुग्रह अधिक से अधिक प्राप्त हों।

परमेश्वर ने हमें सब कुछ दिया है

3 अपने जीवन के लिए और परमेश्वर की सेवा के लिए जो कुछ हमें चाहिए, अपनी दिव्य शक्ति के द्वारा उसने सब कुछ हमें दिया है। क्योंकि हम उसे जानते हैं, जिसने अपनी धार्मिकता और महिमा के कारण हमें बुलाया है। 4 इन्हीं के द्वारा उसने हमें वे महान और अमूल्य वरदान दिये हैं, जिन्हें देने की उसने प्रतिज्ञा की थी ताकि उनके द्वारा तुम स्वयं परमेश्वर के समान हो जाओ और उस विनाश से बच जाओ जो लोगों की बुरी इच्छाओं के कारण इस जगत में स्थित है।

5 सो इसलिए अपने विश्वास में उत्तम गुणों को, उत्तम गुणों में ज्ञान को, 6 ज्ञान में आत्मसंयम को, आत्मसंयम में धैर्य को, धैर्य में परमेश्वर की भक्ति को, 7 भक्ति में भाइचारे को और भाईचारे में प्रेम को उदारता के साथ बढ़ाते चलो। 8 क्योंकि यदि ये गुण तुममें हैं और उनका विकास हो रहा है तो वे तुम्हें कर्मशील और सफल बना देंगे तथा उनसे तुम्हें हमारे प्रभु यीशु मसीह का परिपूर्ण ज्ञान प्राप्त होगा 9 किन्तु जिसमें ये गुण नहीं हैं, उसमें दूर-दृष्टि नहीं है, वह अन्धा है। तथा वह यह भूल चुका है कि उसके पूर्व पापों को धोया जा चुका है।

10 इसलिए हे भाईयों, यह दिखाने के लिए और अधिक तत्पर रहो कि तुम्हें वास्तव में परमेश्वर द्वारा बुलाया गया है और चुना गया है क्योंकि यदि तुम इन बातों को करते हो तो न कभी ठोकर खाओगे और न ही गिरोगे, 11 और इस प्रकार हमारे प्रभु एवम् उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अनन्त

welcome into the kingdom of our Lord and Savior
Jesus Christ, a kingdom that never ends.
12 You already know these things. You are very
strong in the truth you have. But I am always
going to help you remember them. 13 While I
am still living here on earth, I think it is right
for me to remind you of them. 14 I know that I
must soon leave this body. Our Lord Jesus Christ
has shown me that. 15 I will try my best to make
sure you remember these things even after I am
gone.

We Saw Christ's Glory

16 We told you about the power of our Lord
Jesus Christ. We told you about his coming. The
things we told you were not just clever stories
that people invented. No, we saw the greatness
of Jesus with our own eyes. 17 Jesus heard the
voice of the great and glorious God. That was
when he received honor and glory from God the
Father. The voice said, "This is my Son, the one
I love. I am very pleased with him." 18 And we
heard that voice. It came from heaven while we
were with Jesus on the holy mountain.
19 This makes us more sure about what the
prophets said. And it is good for you to follow
closely what they said, which is like a light
shining in a dark place. You have that light until
the day begins and the morning star brings new
light to your minds. 20 Most important of all, you
must understand this: No prophecy in the
Scriptures comes from the prophet's own
understanding. 21 No prophecy ever came from
what some person wanted to say. But people were
led by the Holy Spirit and spoke words from
God.

False Teachers

2 In the past there were false prophets among
God's people. It is the same now. You will
have some false teachers in your group. They
will teach things that are wrong—ideas that will
cause people to be lost. And they will teach in a
way that will be hard for you to see that they are
wrong. They will even refuse to follow the

राज्य में तुम्हें प्रवेश देकर परमेश्वर अपनी उदारता
दिखायेगा।
12इसी कारण मैं तुम्हें, यद्यपि तुम उन्हें जानते
ही हो और जो सत्य तुम्हें मिला है, उस पर टिके
भी हुए हो, इन बातों को सदा याद दिलाता रहूँगा।
13मैं जब तक इस काया में हूँ, तुम्हें याद दिलाकर
सचेत करते रहने को उचित समझता हूँ। 14क्योंकि
मैं यह जानता हूँ कि मुझे अपनी इस काया को
शीघ्र ही छोड़ देना है। जैसा कि हमारे प्रभु यीशु
मसीह ने मुझे समझाया है। 15इसलिए मैं हर प्रयत्न
करूँगा कि मेरे मर जाने के बाद भी तुम इन बातों
को सदा याद कर सको।

हमने मसीह की महिमा के दर्शन किये है

16जब हमारे प्रभु यीशु मसीह के समर्थ आगमन
के विषय में हमने तुम्हें बताया था, तब चतुरतापूर्वक
गढ़ी हुई कहानियों का सहारा नहीं लिया था
क्योंकि हम तो उसकी महानता के स्वयं साक्षी हैं।
17जब परम पिता परमेश्वर से उसने सम्मान और
महिमा प्राप्त की तो उस दिव्य-महिमा से विशिष्ट
वाणी प्रकट हुई, "यह मेरा प्रिय पुत्र है, मैं इससे
प्रसन्न हूँ।" 18हमने आकाश से आयी वह वाणी
सुनी थी। तब हम पवित्र पर्वत पर उसके साथ ही
थे।
19हमें भी नबियों के वचन पर और अधिक
आस्था हुई। इस पर ध्यान देकर तुम भी अच्छा कर
रहे हो क्योंकि यह तो एक प्रकाश है, जो एक
अन्धेरे स्थान में तब तक चमक रहा है जब तक पौ
फटती है और तुम्हारे हृदयों में भोर के तारे का
उदय होता है। 20किन्तु सबसे बड़ी बात यह है कि
तुम्हें यह जान लेना चाहिए कि शास्त्र की कोई भी
भविष्यवाणी किसी नबी के निजी विचारों का
परिणाम नहीं है, 21क्योंकि कोई मनुष्य जो कहना
चाहता है, उसके अनुसार भविष्यवाणी नहीं होती।
बल्कि पवित्र आत्मा की प्रेरणा से मनुष्य परमेश्वर
की वाणी बोलते हैं।

झूठे शिक्षक

2 जैसा भी रहा हो उन संत जनों के बीच जैसे
झूठे नबी दिखाई पड़ने लगे थे बिलकुल वैसे
ही झूठे नबी तुम्हारे बीच भी प्रकट होंगे। वे
घातक धारणाओं का सूत्र-पात करेंगे और उस
स्वामी तक को नकार देंगे जिसने उन्हें
स्वतन्त्रता दिलायी। ऐसा करके वे अपने शीघ्र

Master who bought their freedom. And so they will quickly destroy themselves. 2 Many people will follow them in the morally wrong things they do. And because of them, others will say bad things about the way of truth we follow. 3 These false teachers only want your money. So they will use you by telling you things that are not true. But the judgment against these false teachers has been ready for a long time. And they will not escape God who will destroy them.

4 When angels sinned, God did not let them go free without punishment. He sent them to hell. He put those angels in caves of darkness, where they are being held until the time when God will judge them.

5 And God punished the evil people who lived long ago. He brought a flood to the world that was full of people who were against God. But he saved Noah and seven other people with him. Noah was a man who told people about living right.

6 God also punished the evil cities of Sodom and Gomorrah. He burned them until there was nothing left but ashes. He used those cities as an example of what will happen to people who are against God. 7 But he saved Lot, a good man who lived there. Lot was greatly troubled by the morally bad lives of those evil people. 8 This good man lived with those evil people every day, and his good heart was hurt by the evil things he saw and heard.

9 So you see that the Lord God knows how to save those who are devoted to him. He will save them when troubles come. And the Lord will hold evil people to punish them on the day of judgment. 10 That punishment is for those who are always doing the evil that their sinful selves want to do. It is for those who hate the Lord's authority.

These false teachers do whatever they want, and they are so proud of themselves. They are not afraid even to say bad things against the glorious ones. 11 The angels are much stronger and more powerful than these beings. But even the angels don't accuse them and say bad things about them to the Lord.

विनाश को निमन्त्रण देंगे। 2बहुत से लोग उनकी भोग-विलास की प्रवृत्तियों का अनुसरण करेंगे। उनके कारण सच्चाई का मार्ग बदनाम होगा। 3लोभ के कारण अपनी बनावटी बातों से वे तुमसे धन कमाएँगे। उनका दण्ड परमेश्वर के द्वारा बहुत पहले से निर्धारित किया जा चुका है। उनका विनाश तैयार है और उनकी प्रतीक्षा कर रहा है।

4क्योंकि परमेश्वर ने पाप करने वाले दूतों तक को जब नहीं छोड़ा और उन्हें पाताल लोक की अन्धेरे से भरी कोठरियों में डाल दिया कि वे न्याय के दिन तक वहीं पड़े रहें।

5उसने उस पुरातन संसार को भी नहीं छोड़ा किन्तु नूह की उस समय रक्षा की जब अधर्मियों के संसार पर जल-प्रलय भेजी गयी थी। नूह उन आठ व्यक्तियों में से एक था जो जल प्रलय से बचे थे। धार्मिकता का प्रचारक नूह उपदेश दिया करता था।

6सदोम और अमोरा जैसे नगरों को विनाश का दण्ड देकर राख बना डाला गया ताकि अधर्मी लोगों के साथ जो बातें घटेंगी, उनके लिए यह एक चेतावनी ठहरे। 7उसने लूत को बचा लिया जो एक नेक पुरुष था। वह उद्दण्ड लोगों के अनैतिक आचरण से दुःखी रहा करता था। 8वह धर्मी पुरुष उनके बीच रहते हुए दिन-प्रतिदिन जैसा देखता था और सुनता था, उससे उनके व्यवस्था रहित कर्मो के कारण, उसकी सच्ची आत्मा तड़पती रहती थी।

9इस प्रकार प्रभु जानता है कि भक्तों को न्याय के दिन तक कैसे बचाया जाता है और दुष्टों को दण्ड के लिए कैसे रखा जाता है। 10विशेषकर उनको जो अपनी पापपूर्ण प्रकृति की बुरी वासनाओं के पीछे चलते हैं और प्रभु की प्रभुता से घृणा रखते हैं।

ये उद्दण्ड और स्वेच्छाचारी हैं। ये महिमावान स्वर्गदूतों का अपमान करने से भी नहीं डरते। 11जब कि ये स्वर्गदूत जो शक्ति और सामर्थ्य में इन लोगों से बड़े हैं, प्रभु के सामने उन पर कोई निन्दापूर्ण दोष नहीं लगाते।

12 But these false teachers speak evil against what they don't understand. They are like animals that do things without really thinking—like wild animals that are born to be caught and killed. And, like wild animals, they will be destroyed. 13 They have made many people suffer. So they themselves will suffer. That is their pay for what they have done.

They think it is fun to do evil where everyone can see them. They enjoy the evil things that please them. So they are like dirty spots and stains among you—they bring shame to you in the meals you eat together. 14 Every time they look at a woman, they want her. They are always sinning this way. And they lead weaker people into the trap of sin. They have taught themselves well to be greedy. They are under a curse.

15 These false teachers left the right way and went the wrong way. They followed the same way that the prophet Balaam went. He was the son of Beor, who loved being paid for doing wrong. 16 But a donkey told him that he was doing wrong. A donkey cannot talk, of course, but that donkey spoke with a man's voice and stopped the prophet from acting so crazy.

17 These false teachers are like springs that have no water. They are like clouds that are blown by a storm. A place in the deepest darkness has been kept for them. 18 They boast with words that mean nothing. They lead people into the trap of sin. They find people who have just escaped from a wrong way of life and lead them back into sin. They do this by using the evil things people want to do in their human weakness. 19 These false teachers promise those people freedom, but they themselves are not free. They are slaves to a mind that has been ruined by sin. Yes, people are slaves to anything that controls them.

20 People can be made free from the evil in the world. They can be made free by knowing our Lord and Savior Jesus Christ. But if they go back into those evil things and are controlled by them, then it is worse for them than it was before. 21 Yes, it would be better for them to have never known the right way. That would be

12किन्तु ये लोग तो विचारहीन पशुओं के समान हैं जो अपनी सहजवृत्ति के अनुसार काम करते हैं। जिनका जन्म ही इसलिए होता है कि वे पकड़े जायें और मार डाले जायें। वे उन विषयों के विरोध में बोलते है, जिनके बारे में वे अबोध हैं। जैसे पशु मार डाले जाते हैं, वैसे ही इन्हें भी नष्ट कर दिया जायेगा। 13इन्हें बुराई का बदला बुराई से मिलेगा। दिन के प्रकाश में भोग-विलास करना इन्हें भाता है। ये लज्जापूर्ण धब्बे हैं।

ये लोग जब तुम्हारे साथ उत्सवों में सम्मिलित होते हैं तो 14ये सदा किसी ऐसी स्त्री की ताक में रहते हैं जिसके साथ व्यभिचार किया जा सके। इस प्रकार इनकी आँखें पाप करने से बाज़ नहीं आतीं। ये अस्थिर लोगों को पाप के लिए फुसला लेते हैं। इनके मन पूरी तरह लालच के आदी हैं। ये अभिशाप के पुत्र हैं।

15सीधा-सादा मार्ग छोड़कर ये भटक गये हैं। बओर के बेटे बिलाम के मार्ग पर ये लोग अग्रसर हैं; बिलाम, जिसे बंदी की मज़दूरी प्यारी थी। 16किन्तु उसके बुरे कामों के लिए एक गदही, जो बोल नहीं पाती, मनुष्य की वाणी में बोली और उसे डाँटा फटकारा तथा उस नबी के उन्मादपूर्ण काम को रोका।

17ये झूठे उपदेशक सूखे जल स्रोत हैं तथा ऐसे जल रहित बादल हैं जिन्हें तूफान उड़ा ले जाता है। इनके लिए सघन अन्धकारपूर्ण स्थान निश्चित किया गया है। 18ये उन्हें जो भटके हुओं से बच निकलने का अभी आरम्भ ही कर रहे हैं, अपनी व्यर्थ की अहंकारपूर्ण बातों से उनकी भौतिक वासनापूर्ण इच्छाओं को जगा कर सत् पथ से डिगा लेते हैं। 19ये झूठे उपदेशक उन्हें छुटकारे का वचन देते हैं। क्योंकि कोई व्यक्ति जो उसे जीत लेता है, वह उसी का दास हो जाता है।

20सो यदि ये हमारे प्रभु एवम् उद्धारकर्त्ता यीशु मसीह को जान लेने और संसार के खोट से बच निकलने के बाद भी फिर से उन ही में फंस कर हार गये हैं, तो उनके लिए उनकी यह बाद की स्थिति, उनकी पहली स्थिति से कहीं बुरी है 21क्योंकि उनके लिए यही अच्छा था कि वे इस

better than to know the right way and then to
turn away from the holy teaching that was given
to them. 22 What they did is like these true
sayings: “A dog vomits and goes back to what it
threw up.” And, “After a pig is washed, it goes
back and rolls in the mud again.”

Jesus Will Come Again

3 My friends, this is the second letter I have
written to you. I wrote both letters to you to
help your honest minds remember something.
2 I want you to remember the words that the
holy prophets spoke in the past. And remember
the command that our Lord and Savior gave us.
He gave us that command through your apostles.

3 It is important for you to understand what
will happen in the last days. People will laugh at
you. They will live following the evil they want
to do. 4 They will say, “Jesus promised to come
again. Where is he? Our fathers have died, but
the world continues the way it has been since it
was made.”

5 But these people don’t want to remember
what happened long ago. The skies were there,
and God made the earth from water and with
water. All this happened by God’s word. 6 Then
the world was flooded and destroyed with water.
7 And that same word of God is keeping the skies
and the earth that we have now. They are being
kept to be destroyed by fire. They are kept for
the day of judgment and the destruction of all
people who are against God.

8 But don’t forget this one thing, dear friends:
To the Lord a day is like a thousand years, and a
thousand years is like a day. 9 The Lord is not
being slow in doing what he promised—the way
some people understand slowness. But God is
being patient with you. He doesn’t want anyone
to be lost. He wants everyone to change their
ways and stop sinning.

10 But the day when the Lord comes again
will surprise everyone like the coming of a thief.
The sky will disappear with a loud noise.
Everything in the sky will be destroyed with
fire. And the earth and everything in it will be

धार्मिकता के मार्ग को जान ही नहीं पाते बजाय
इसके कि जो पवित्र आज्ञा उन्हें दी गयी थी, उसे
जानकर उससे मुँह फेर लेते। 22उनके साथ तो
वैसे ही घटी जैसे कि उन सच्ची कहावतों में कहा
गया है: “कुत्ता अपनी उल्टी के पास ही लौटता
है।” और “एक नहलायी हुई सुअरनी कीचड़ में
लोट लगाने के लिए फिर लौट जाती है।”

यीशु फिर आयेगा

3 हे प्यारे मित्रों, अब यह दूसरा पत्र है जो मैं
तुम्हें लिख रहा हूँ। इन दोनों पत्रों में उन बातों
को याद दिलाकर मैंने तुम्हारे पवित्र हृदयों को
जगाने का जतन किया है, 2ताकि तुम पवित्र
नबियों द्वारा अतीत में कहे गये वचनों को याद
करो और हमारे प्रभु तथा उद्धारकर्त्ता के आदेशों
का, जो तुम्हारे प्रेरितों द्वारा तुम्हें दिए गए हैं, ध्यान
रखो। 3सबसे पहले तुम्हें यह जान लेना चाहिए कि
अंतिम दिनों में स्वेच्छाचारी हँसी उड़ाने वाले हँसी
उड़ाते हुए आयेंगे 4और कहेंगे, “क्या हुआ उसके
फिर से आने की प्रतिज्ञा का? क्योंकि हमारे पूर्वज
तो चल बसे। पर जब से सृष्टि बनी है, हर बार,
वैसे की वैसी ही चली आ रही है।” 5किन्तु जब वे
यह आक्षेप करते हैं तो वे यह भूल जाते हैं कि
परमेश्वर के वचन द्वारा आकाश युगों से
विद्यमान है और पृथ्वी जल में से बनी और जल में
स्थिर है, 6और इसी से उस युग का संसार जल
प्रलय से नष्ट हो गया। 7किन्तु यह आकाश और
यह धरती जो आज अपने अस्तित्व में हैं, उसी
आदेश के द्वारा अग्नि के द्वारा नष्ट होने के लिए
सुरक्षित हैं। इन्हें उस दिन के लिए रखा जा रहा है
जब अधर्मी लोगों का न्याय होगा और वे नष्ट कर
दिए जायेंगे।

8पर प्यारे मित्रों, इस एक बात को मत भूलो:
प्रभु के लिए एक दिन हज़ार साल के बराबर है
और हज़ार साल एक दिन जैसे हैं। 9प्रभु अपनी
प्रतिज्ञा पूरी करने में देर नहीं लगाता। जैसा कि
कुछ लोग सोचते हैं। बल्कि वह हमारे प्रति धीरज
रखता है क्योंकि वह किसी भी व्यक्ति को नष्ट
नहीं होने देना चाहता। बल्कि वह तो चाहता है कि
सभी मन फिराव की ओर बढ़ें।

10किन्तु प्रभु का दिन चुपके से चोर की तरह
आएगा। उस दिन एक भयंकर गर्जना के साथ
आकाश विलीन हो जायेंगे और आकाशीय पिंड
आग में जलकर नष्ट हो जायेंगे तथा यह धरती
और इस धरती पर की सभी वस्तुएँ जल

burned up.* 11 Everything will be destroyed in this way. So what kind of people should you be? Your lives should be holy and devoted to God. 12 You should be looking forward to the day of God, wanting more than anything else for it to come soon. When it comes, the sky will be destroyed with fire, and everything in the sky will melt with heat. 13 But God made a promise to us. And we are waiting for what he promised—a new sky and a new earth. That will be the place where goodness lives.

14 Dear friends, we are waiting for this to happen. So try as hard as you can to be without sin and without fault. Try to be at peace with God. 15 Remember that we are saved because our Lord is patient. Our dear brother Paul told you that same thing when he wrote to you with the wisdom that God gave him. 16 That's what he says in all his letters when he writes about these things. There are parts of his letters that are hard to understand, and some people give a wrong meaning to them. These people are ignorant and weak in faith. They also give wrong meanings to the other Scriptures. But they are destroying themselves by doing that.

17 Dear friends, you already know about this. So be careful. Don't let these evil people lead you away by the wrong they do. Be careful that you do not fall from your strong faith. 18 But grow in the grace and knowledge of our Lord and Savior Jesus Christ. Glory be to him, now and forever! Amen.

3:10 ***will be burned up*** Among the other readings of this text in early Greek copies, many have "will be found," and one has "will disappear."

जाएगी।* 11क्योंकि जब ये सभी वस्तुएँ इस प्रकार नष्ट होने को जा रही हैं तो सोचो तुम्हें किस प्रकार का बनना चाहिए? (तुम्हें पवित्र जीवन जीना चाहिए, पवित्र जीवन जो परमेश्वर को अर्पित है तथा हर प्रकार के उत्तम कर्म करने चाहिए।)

12और तुम्हें परमेश्वर के दिन की बाट जोहनी चाहिए और उस दिन को लाने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए। उस दिन के आते ही आकाश लपटों में जल कर नष्ट हो जाएगा और आकाशीय पिण्ड उस ताप से पिघल उठेंगे। 13किन्तु हम परमेश्वर के वचन के अनुसार ऐसे नए आकाश और नई धरती की बाट जोह रहे हैं जहाँ धार्मिकता निवास करती है।

14इसलिए हे प्रिय मित्रों, क्योंकि तुम इन बातों की बाट जोह रहे हो, पूरा प्रयत्न करो कि प्रभु की दृष्टि में और शांति में निर्दोष और कलंक रहित पाए जाओ। 15हमारे प्रभु के धीरज को उद्धार समझो। जैसा कि हमारे प्रिय बन्धु पौलुस ने परमेश्वर के द्वारा दिए गए विवेक के अनुसार तुम्हें लिखा था। 16अपने अन्य सभी पत्रों के समान उस पत्र में उसने इन बातों के विषय में कहा है। उन पत्रों में कुछ बातें ऐसी हैं जिनका समझना कठिन है। अज्ञानी और अस्थिर लोग उनके अर्थ का अनर्थ करते हैं। दूसरे शास्त्रों के साथ भी वे ऐसा ही करते हैं। इससे वे अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारते हैं।

17सो हे प्रिय मित्रों, क्योंकि तुम्हें ये बातें पहले से ही पता हैं इसलिए सावधान रहो कि तुम बुराइयों और व्यवस्थाहीन लोगों के द्वारा भटकाए जा कर अपनी स्थिर स्थिति से डिग न जाओ। 18बल्कि हमारे प्रभु तथा उद्धारकर्ता यीशु मसीह की अनुग्रह और ज्ञान में तुम आगे बढ़ते जाओ। अब और अनन्त समय तक उसकी महिमा होती रहे।

3:10 वस्तुएँ जल जाएगी पहले के कुछ यूनानी प्रतियों में है, "पा लिया जाएगा," और किसी में है, "विलीन हो जाएगा।"